धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति परंपराओं को सशक्त करने का माध्यम हैं : डॉ. मिश्रा

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 मई। धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को सशक्त करने का माध्यम हैं। ऐसे पावन आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, धर्म के प्रति आस्था और लोककल्याण की भावना का विस्तार होता है।

उक्त बात मप्र के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा मंगलवार को जिले के खमेरा ग्राम में आयोजित '51 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ' में बोलते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत व्यास पीठ को नमन कर कथा स्थल पर पूजा-अर्चना की तथा महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद गहोई वैश्य समाज की बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दतिया किसी भी समाज की उन्नति उसकी संगठन शक्ति, एकजुटता और सकारात्मक सोच पर निर्भर करती है दतिया में गहोई वैश्य समाज इसमें अव्वल है गहोई समाज में शहर की दिशा व दशा बदलने की ताकत है यह बात पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कही

बैठक में समाज से जुड़े सामाजिक संगठनात्मक एवं स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि वैश्य वर्ग व्यापार करता है व्यापार के लिए पहली जरुरत सुरक्षा है सभी ने शहर में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता जताई। इस पर लगाम कसने के लिए पूर्व मंत्री से अनुरोध किया बैठक में गहोई समाज के अध्यक्ष डॉ आरपी नीखरा रमेश गुप्ता सीकरी राजेश मोर, किरण गुप्ता संदीप सुहाने राजू बरशैंया प्रदीप नीखरा राजू गुगौरिया मुकेश बरसैंया सोनू सुहाने राजीव कंथरिया विजय कुचिया नीरज पहारिया गौरव खंताल अमन गुप्ता अरविन्द गुप्ता प्रदीप गुप्ता बद्री गुप्ता पवन गुप्ता अजय गुप्ता मोनू गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जनसुनवाई में विधवा महिला को मिली कल्याणी पेंशन की स्वीकृति

दतिया, 12 मई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में नई उड़ान मिल रही है। कई योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। आज वे हर क्षेत्र में आगे आकर खुद को स्थापित कर रही हैं। निश्चित ही शासन की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से यह संभव हो पाया है।

शासन की मंशानुसार अंतिम छोर के पात्र हितग्राहियों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को एक संवेदनशील मामला सामने आया, जिसका मौके पर ही निराकरण कर प्रशासन ने मानवीय संवेदना का परिचय दिया। भांडेर तहसील के नई बस्ती क्षेत्र निवासी श्रीमती नंदनी देवी, पति स्वर्गीय महेश कुमार अहिरवार, आर्थिक तंगी एवं सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन यापन कर रही थीं। पति के निधन के बाद परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई थी।

इसी क्रम में उन्होंने सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के अंतर्गत सहायता हेतु जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्राप्त होते ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय तेमरवाल के निर्देश पर जिला समग्र संयोजक नरेंद्र दुबे द्वारा संबंधित निकाय से समन्वय स्थापित कर तत्काल पेंशन स्वीकृति संबंधी कार्यवाही पूर्ण की गई तथा हितग्राही को मौके पर ही स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। स्वीकृति आदेश प्राप्त होने पर श्रीमती नंदनी देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रारंभ की गई जनसुनवाई जैसी पहल से उनकी समस्या का शीघ्रता से समाधान हुआ।

सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : ऋचा

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 मई। शहर में यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सोमवार शाम पीतांबरा चौराहे पर कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में दोपहिया वाहनों की जांच की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने, ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने तथा बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए एवं उपनिरीक्षक ऋचा डंडोतिया ने ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफपुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बुलेट बाइक को जब्त कर लिया।

ट्रैफिक थाना निरीक्षक सपना शर्मा की अगुवाई में की गई कार्रवाई के दौरान बाइक चालक द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1 हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस ने मौके पर ही बाइक को जब्त कर लिया और 1 हजार रुपये का चालान किया गया।

उप-निरीक्षक ऋचा डंडोतिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं, ताकि हादसों से बचा जा सके।

जलसेवा सहयोग एवं संवेदनशीलता की प्रेरणादायी मिसाल : परिहार

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 मई। भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के मध्य यात्रियों की सेवा एवं राहत हेतु भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ दतिया के तत्वावधान में दतिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 एवं 2 पर जलसेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। सेवा, समर्पण एवं मानवता की भावना से प्रेरित यह शिविर यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील शुक्ला(जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी, दतिया) रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष स्काउट माधवेन्द्र सिंह परिहार नें कहा कि भारतीय संस्कृति में जलसेवा को महादान माना गया है। स्काउट-गाइड सदैव समाजहित एवं सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। यह शिविर सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग की स्थापना से ही सेवा कार्य इसकी प्रमुख पहचान रहे हैं।

प्राकृतिक आपदाओं, सामाजिक अभियानों, धार्मिक आयोजनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्काउट-गाइड सदैव अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ समाज के बीच उपस्थित रहते हैं। दतिया जिला संघ द्वारा आयोजित यह जलसेवा शिविर भी उसी गौरवशाली परम्परा का हिस्सा है। यात्रियों ने भी इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए स्काउट-गाइड दल का आभार व्यक्त किया।

संयुक्त बाढ़ राहत एवं रैसक्यू रैकी दल ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 मई। मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पूर्व तैयारी एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संयुक्त बाढ़ राहत एवं रेस्क्यू रैकी अभियान संचालित किया गया। क्षेत्रीय ग्रामों/क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में की गई।

बैठक में सेना की ओर से मेजर अभिमन्यु सिंह, जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर श्रीमती श्रुति अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा, सहित राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टाइम ग्वालियर से प्रेरणा गोयल का आईआईएम रोहतक में चयन

ग्वालियर, 12 मई। टाइम ग्वालियर की छात्रा प्रेरणा गोयल ने अपनी मेहनत और लगन से आईआईएम रोहतक में अंतिम चयन प्राप्त कर शहर और अपने संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रेरणा केआरजी कॉलेज की छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर टाइम ग्वालियर के सेंटर डायरेक्टर जय प्रकाश गुप्ता ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, सही रणनीति और समर्पण सफलता की कुंजी है। वहीं केआरजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव तथा कन्वीनर डॉ. आभा मिश्रा ने भी प्रेरणा को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। प्रेरणा गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय टाइम फैकल्टी के मार्गदर्शन, संस्थान के स्टडी मटेरियल और ऐमकैट टेस्ट सीरीज को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित मॉक टेस्ट और फैकल्टी की रणनीतिक सलाह ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया और इंटरव्यू प्रक्रिया में आत्म विश्वास बढ़ाया। यह सफलता उन छात्रों के लिए प्रेरणा है जो कैट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश का सपना देखते हैं।

एक नजर में

सुदामा को बिना मांगे ही द्वारकाधीश ने दिया दो लोकों का ऐश्वर्य : साध्वी

बसई, 12 मई। ग्राम पंचायत सांकुली बस स्टेंड हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र प्रसंग का वर्णन हुआ। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर पंडाल में बैठे श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास सु. श्री साध्वी ज्योति ने कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। जिस प्रकार भगवान द्वारिकाधीश ने अपने परम भक्त और बालसखा सुदामा को बिना मांगे ही दो लोकों का ऐश्वर्य प्रदान कर दिया था। इस मौके पर यजमान श्रीमती मेंदा कीरत सिंह लोधी के साथ मुख्य अतिथि समाजसेवी मननारायण मिश्रा, पं. रामकुमार तिवारी, दशरथ नन्ना, श्याम सुन्दर लोधी, अवधेश राजपूत, शशि लोधी, प्रवेंद्र लोधी , हेमंत लोधी, सतेंद्र लोधी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

मालनपुर में खनिज माफियाओं पर कार्रवाई, एक रात में 11 वाहन जब्त

मालनपुर, 12 मई। अवैध रेत- मुरम मिट्टी के कारोबार पर नकेल कसते हुए खनिज विभाग ने मालनपुर क्षेत्र में बड़ी छापामार कार्रवाई की है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना के निर्देश पर सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार सुबह 6 बजे तक चले विशेष अभियान में मालनपुर थाना क्षेत्र से ही 11 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते पकड़ा गया।प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा पंकज ध्वज मिश्रा के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा और प्रभारी खनिज निरीक्षक अश्वनी कुमार मिश्रा की टीम ने मालनपुर के मुख्य रास्तों पर नाकाबंदी की। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव एवं राजस्व अमला पूरी रात मौके पर मौजूद रहा।

11 वाहनों पर कार्यवाही कर थाने में रखवाया : जब्त 11 वाहनों में डम्पर और ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों शामिल हैं। इन वाहनों में अवैध रूप से रेत, मुरुम, डस्ट, मिट्टी और पत्थर का परिवहन किया जा रहा था। सभी 11 वाहन फिलहाल थाना मालनपुर में सुरक्षा में खड़े कर दिए गए हैं। अन्य वाहन खनिज नियमों का उल्लंघन करते मिले। जप्त सभी वाहन मालिकों पर म.प्र. खनिज नियम 2022के तहत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। जुर्माने के साथ-साथ वाहन राजसात करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

मालनपुर में मचा हड़कंप

एक ही रात में 11 वाहन जब्त होने से मालनपुर क्षेत्र के अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रातभर चलने वाले डम्परों से सड़कें खराब हो रही थीं और धूल से परेशानी थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। प्रभारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मालनपुर सहित पूरे जिले में अवैध उत्खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होगा। आगे भी ऐसे औचक अभियान जारी रहेंगे।

निरंकारी मिशन का समर्पण दिवस आज

दतिया, 12 मई। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति को समर्पित 'समर्पण दिवस' का भावपूर्ण आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं श्रद्धेय निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में बुधवार, को दतिया स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन भांडेरी फाटक मार्ग पर प्रातः 9:30 से 11:30 तक विशेष समर्पण दिवस के विशेष सत्संग का आयोजन किया गया है जिसमें युगदृष्टा निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज जी की प्रेरणादायी स्मृतियों को याद किया जावेगा।

पीतांबरा विद्यालय में हुआ साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन

नवभारत न्यूज

दतिया 12 मई। पीतांबरा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम सत्र के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा गोविन्द देव, प्रवक्ता एवं बुंदेलखंड विषय विशेषज्ञ दतिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पं. पूरन चंद शर्मा साहित्याचार्य एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दतिया, श्रीमती शशि सिंह केंद्रीय कोषाध्यक्ष भारत उत्थान न्यास कानपुर तथा डॉ. सुजाता शांडिल्य सहायकाचार्य संस्कृत साहित्य श्री पीताम्बरापीठ संस्कृत महाविद्यालय दतिया मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक शर्मा ग्वालियर ने की। संचालन विक्रांत व्यास ने किया तथा स्वागत वक्तव्य आचार्य पं. कृष्ण कुमार शास्त्री द्वारा दिया गया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामेश्वर प्रसाद गुप्त उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कामिनी बुंदेलखंड विशेषज्ञ दतिया एवं प्रो. बेला मेहता श्योपुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. गनेश कुमार सोनी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने की। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. प्रीति सिंह, सहायक प्रोफेसर हिंदी विभाग हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन आचार्य देवव्रत भार्गव ने किया तथा स्वागत वक्तव्य परीक्षा यादव ने दिया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दतिया की राजकुमारी परिणीता उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में भारत उत्थान न्यास कानपुर के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य सुजीत कुंतल ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशा पाठक पीतांबर पीठ संस्कृत महाविद्यालय दतिया एवं सोनल किरण पटेल प्रदेश अध्यक्ष भारत उत्थान न्यास गुजरात उपस्थित रहीं।

संगीत हमारी संस्कृति के संवाहक : पिरोनिया

उनाव, 12 मई। स्वर और संगीत हमारी संस्कृति के प्रेरणा स्रोत है। संगीत सम्राट तानसेन मेघ मल्हार से बारिश और दीप मल्हार से दीप प्रज्वलित कर देते थे। संगीत का मनुष्य के जीवन में गहरा असर होता है, हम संकीर्तन के माध्यम से भगवत प्राप्ति के कार्य में अपने आप को समर्पित कर सकते हैं । उक्त बात पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरोनिया ने ग्राम बेरछ में आयोजित जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने बेरछ में बंशकार समाज द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर धानुक, बरार, वंशकार समाज बंधुओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी जिनका निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने बंस्कार समाज के सभी समाज बंधुओं से संगठित होकर समाज हित में काम करने का आवाहन किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम ने तप और पराक्रम से मानव जाति का कल्याण किया : शुक्ला

मेहगांव, 12 मई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज ने भव्य चल समारोह नगर में निकाला जिसमें रथ पर भगवान भोलेनाथ भगवान परशुराम बिराजमान थे आगे आगे अद्भुत झांकियां अपने नृत्य से मनमोहक अंदाज में यात्रा को भव्य बना रही थी बनखण्डेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान परशुराम का चल समारोह हाट बाजार हनुमान रोड़ मुरैना तिराहा भिंड तिराहा होते हुए रामलीला मैदान पर यात्रा का समापन हुआ भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया इस अवसर पर आलोक राकेश शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम अजेय अमर हैं, शस्त्रऔर शास्त्र के महाज्ञानी भगवान परशुराम ने तप और पराक्रम से मानव जाति का कल्याण किया भगवान परशुराम का जिक्र रामायण से लेकर महाभारत और भागवत पुराण व कल्कि पुराण आदि ग्रन्थों में किया गया है आलोक शुक्ला ने भगवान परशुराम यात्रा एवं भव्य चल समारोह को सफल बनाने में सर्व समाज के सभी युवा साथी भाई बंधुओं का हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी आप सभी के सहयोग और एकता ने यह संदेश दिया कि जब युवा समाज के लिए आगे आते हैं तो हर आयोजन ऐतिहासिक बन जाता इसी प्रेम भाई चारे और एकजुटता के साथ हम सब आगे भी समाज और संस्कृति की सेवा करते रहेंगे।

पुलिस ने आदतन अपराधी गुंडा सहित अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 मई। जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़, अवैध शस्त्र धारण करने वालों एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना पर बक्सी के हनुमान मंदिर के पीछे रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की पीले रंग की कट्टी में हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब बिक्री हेतु लेकर खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए।

टीआई कोतवाली धीरेन्द्र मिश्रा ने दबिश के दौरान बताए हुलिये के अनुसार एक व्यक्ति को प्लास्टिक की कट्टी के साथ घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सोहेल पुत्र कल्लू उर्फ शकील खान उम्र 28 वर्ष निवासी दांतरे की नरिया, जिला दतिया बताया। आरोपी के कब्जे से गंधयुक्त जहरीली कच्ची शराब विधिवत जप्त की गई। आरोपी के आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी सोहेल खान थाना कोतवाली का आदतन अपराधी है, जिसके

विरुद्ध पूर्व में लगभग 15 गंभीर एवं सामान्य प्रकृति के अपराध पंजीबद्ध हैं तथा वर्तमान में वह 2 अन्य प्रकरणों में फरार चल रहा था। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

इसी तरह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अजय यादव पिता अरविन्द यादव ग्राम निरावल थाना सिविल लाईन को 315 बोर के कटट्ा व जिन्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया एवं दुष्कर्म एवं पाक्शो एक्ट के प्रकरण में फरार दो आरोपियों संतोष पुत्र मानसिंह, जशवंत पुत्र भरत सिंह को थाना अतरेटा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा और नावालिंग से दुष्कर्म के आरोपी अंकित पुत्र रामसिंह कुशवाहा उम्र 20 साल ग्राम खूजा थाना आलमपुर को पण्डोखर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बेजुवान पक्षियों की प्यास बुझाने बांधे सकोरे

इंदरगढ़, 12 मई। दतिया जिला रेडक्रॉस एवं जूनियर रोडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह पानी से भरे सकोरे बांधे जा रहे हैं। बेजुबान पक्षियों को गर्मी के मौसम में ठण्डी जगह पीने का पानी उपलब्ध हो राहत इस आशय को लेकर जिला रेडक्रास एवं जूनियर रेडक्रॉस के संयुक्त तत्धान प्रारंभ किया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस कार्यालय में सभी छात्राओं ने उपस्थित होकर उक्त सेवा कार्य किया गया और यह मुहिम लगातार पूरे जिले में जारी रहेगा जिससे बेजुबान पक्षियों को दाना एवं पानी मिल सके इस अवसर पर जिला काउंसलर शैलेंद्र खरे के साथ अनेक छात्र उपस्थित रहे रजनीश पटवा रोहित, सहित रैडक्रॉस के स्वयं सेवक शामिल रहे।